जाग उठा हमारा आजाद हिन्दुस्तान

14 फरवरी 2023

## बचपन के तीनों दोस्त ने रची थी लूट की साजिश-बैंक लूट के प्रयास का तीसरा आरोपी गिरफ्तार



भीकनगांव-शुक्रवार को भीकनगांव की प्राइवेट बैंक में लूट का प्रयास करने के मामले में तीसरे आरोपी के भी शामिल होने का खुलासा हो गया। यह तीसरा आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया। उसकी पत्नी भीकनगांव में कांग्रेस की नेत्री है। मामले में एक आरोपी शुक्रवार को ही पकडा गया था और एक फरार हो गया था। तीनों ही आरोपी भीकनगांव के ही निवासी हैं। शनिवार को हुई छानबीन में सामने आया कि फरार हुआ आरोपी अखिलेश कुशवाह भीकनगांव निवासी होकर, मुख्य आरोपी सुदीप गिरधर गंगराडें के साथ इंदौर में रहता था।

अखिलेश ने अपने घर वालों को बता रखा था कि वह मुंबई में जॉब करता है। मौके से पकडे गए सुदीप को पुलिस ने शनिवार को न्यायालय पेश किया, जहां से उसे 5 दिन की रिमांड पर दिया गया है। लूट की साजिश में साथ देने वाले आरोपी हेमंत राठौड़ को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खास बात यह है कि तीनों ही आरोपी बचपन के दोस्त है।

शुक्रवार सुबह आरोपी सुदीप और अखिलेश बुर्का व सलवार पहन कर भीकनगांव बस स्टैंड स्थित फिनकेयर स्माल फाइनेंस बैंक में घुसे थे। दोनों ने पिस्टल (कट्?टे) अ?ाकर बैंककर्मी से लॉकर की चाबी मांगी। इस दौरान बैंक के एक कर्मचारी ने मौका पाकर पहली मंजिल से छलांग लगा दी थी। इसके बाद अखिलेश मौके से फरार हो गया था और सुदीप को बैंक कर्मचारियों ने दबोच लिया था। जिसे बाद में पुलिस के हवाले किया गया। वारदात के समय बैंक में करीब 5 लाख 88 हजार 221 रुपए नकद व 143 पैकेट में सोने के आभूषण रखे हुए थे। पूछताछ में सुदीप ने पुलिस को बताया कि वह इंदौर में रह कर पटवारी परीक्षा सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था।

### आरोपी हेमंत के बैंक में तीन खाते

आरोपी हेमंत राठौड़ के इसी बैंक में तीन खाते हैं। उसका बैंक में अक्सर आना-जाना था और वह बैंक में कर्मचारियों की संख्या और अन्य व्यवस्थाओं से अवगत था। बताया जा रहा है कि हेमंत ने ही लूट की पूरी योजना बनाई और आरोपियों को पिस्टल भी उपलब्ध करवाई थी। वहीं आरोपी हेमंत की पत्नी सरला राठौड ने हाल ही में नगर पालिका चुनाव में वार्ड क्रमांक 5 से कांग्रेस की ओर से चुनाव लड़ा था, हालांकि वह हार गई। वहीं एसपी धर्मवीर सिंह ने बताया भीकनगांव में बैंक लूट के प्रयास के मामले में भीकनगांव के ही एक अन्य आरोपी हेमंत राठौड को गिरफ्तार किया है। वह मौके पर तो नहीं था लेकिन लूट की साजिश में शामिल था।

## मांगे नही पूरी होने पर 17 फरवरी से ग्राम भानबरड में देगे धरना


बडवाह---ग्राम भानबरड में पिछले दिनों एक किसान रूपनारायण मालवीय बमनगाँव से भानबरड आपना टेक्टर वाहन ला रहा था लेकिन रास्ता इतना खराब था की टेक्टर फस गया था जो 15 दिन तक कीचड में फसा रहा है तथा किसान ने आपनी परेशानी के लिए ग्राम के नेताओं को खूब खरी खोटी सोसल मिडिया के माध्य से सुनाई जिसे लेकर ग्राम के उपसरपंच लोकेन्द्र गुर्जर जीवनलाल करो?ा ,राजू संक?ीया ने इस पर मंथन किया और गाँव वालो से बात करके विभिन्न कार्यो के लिए अनुविभागीय आधिकारी बडवाह के नाम ज्ञापन एस.डी.एम.कार्यालय मे पदस्थ अधिकरी को सौपा और मांगे रखी ग्राम भानबरड से लेकर ग्राम बमनगाँव तक गाँव से गाँव जोडने हेतु पक्का प्रधामंत्री रोड सडक बनवाई जावे , बडवाह विधानसभा में रेल पथ गमन के कारण एन.टी.पी.सी.के द्वारा प्रत्येक ग्राम को विकास हेतु 30 लाख रूपये दिए जाने थे लेकिन सभी गाँवों को दे दिए गये लेकिन भानबरड में अभी तक नही दिए जा रहे है जिसे तत्काल दिलवाने जावे,एम.पी.बी.द्वारा सम्पूर्ण गाँव में बिजली के नवीन तार एवं जीर्ण सिर्ण खंबे बदलना थे लेकिन कई गलियों को छोड दिया गया जिनमे भी तार एवं पोल बदले जावे ,जिन सीमांत किसानो की खाद्य पात्रता पर्ची नही है उनकी पर्चिया तत्काल बनवाई जावे,गाँव ठान आबादी क्षेत्र को बढाकर जहा गाँव के आस पास आबादी से लगे हुए है उनको आबादी क्षेत्र में शामिल किये जावे और भू-आधिकार पत्र वितरण भी करवाए जावे निरिक्षण करके गाँव में जिन लोगो ने शोचालय बनवाये है उनको राशी का भुक्तान करवाया जावे गाँव में मोबाइल कवरेज की समस्या बहुत आती है जो नेटवर्क हेतु सबंधित विभाग से टावर लगवाया जावे। उक्त मांगे दिनांक 17 फरवरी तक नही मानी जाती है तो17 फरवरी से ग्राम वासियों के द्वारा आन्दोलन भूखहडताल व धरना दिया जावेगा

## विकास यात्रा मे विधायक ने की लाखों के विकास की घोषणाये

कदवालिया में शिव मन्दिर निर्माण 25 हजार व शिव परिवार,गुर्जर समाज बर्तन 21 हजार,बलाई समाज वर्तन 35 हजार,गुर्जर समाज एवं बलाई समाज महिला मंडल को साझ-बाझ। बागफल में हनुमान मंदिर निर्माण एक लाख,सिर्वी मोहल्ले शिव मन्दिर निर्माण 50 हजार। ग्राम खोडी में मानकर समाज बर्तन 25 हजार,बलाई समाज बर्तन 25 हजार,बलाई व मानकर समाज को साझ-बाझ,सर्व समाज सामुदायिक भवन चार लाख,गाँव में सम्पूर्ण साउंड सिस्टल 50 हजार। ग्राम नांदिया में प्रजापत समाज के सामुदायिक भवन के लिए तीन लाख,सर्व समाज गणगौर घाट निर्माण के लिए दो लाख,गणपति मंदिर चबूतरा निर्माण 51 हजार,नर्मदा मंदिर शिखर निर्माण 51 हजार। अगरवाडा में बलाई समाज बर्तन 21 हजार,मानकर समाज बर्तन 21 हजार,मानकर समाज सामुदायिक भवक दो लाख,हनुमान मंदिर चबूतरा निर्माण 51 हजार,राजपूत समाज,मानकर समाज,बलाई समाज तीनो की महिला मण्डल को साझ-बाझ7बफलगाँव में भारुड समाज सामुदायिक भवक के लिए तीन लाख,बलाई समाज मोहल्ले में शिव मंदिर निर्माण 50 हजार और साउंड सिस्टम के लिए 15 हजार ,हनुमान मंदिर चबूतरा निर्माण 50 हजार7जयमलपूरा में बलाई समाज सामुदायिक भवन के लिए 5 लाख रूपय ग्राम हिरापुर (बाव?ीखेडा) शिव मन्दिर निर्माण के लिए 50 और सार्वजनिक टीन सेट निर्माण का भूमि पूजन कर ढाई लाख देने की घोषणा की।

## बूथ स्तर पर समर्पण दिवस के साथ मनाई गई पंडित दीनदयालजी उपाध्याय की पुण्यतिथि





**खरगोन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत पुनः विश्व गुरु की भूमिका निभाने जा रहा है। भारत रुस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध में मध्यस्थ की भूमिका निभाए यह अमेरिका सहित अनेक देश चाहते हैं। सभी देशों का मानना है कि युद्ध से उपजे वैश्विक संकट को मोदीजी ही टाल सकते हैं। अंत्योदय की भावना से ही विश्व का कल्याण होगा। आज मोदीजी के नेतृत्व में भारत जिस शक्ति के साथ खडा है उसका बीजारोपण 1925 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के साथ ही हो गया था। इस बीज को डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयालजी जैसे मनीषियों ने अपने खून से सींचकर पाला-पोसा है।**

यह बात पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष व आजीवन समर्पण निधि के जिला प्रभारी रणजीतसिंह डंडीर ने पंडित दीनदयालजी उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के अवसर पर व्यक्त की। श्री डंडीर ने समर्पण निधि की जानकारी देते हुए समस्त कार्यकर्ता व पदाधिकारियों से लक्ष्य की पूर्ति में सहयोग का आह्वान किया। शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय पर खरगोन नगर मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में श्री डंडीर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य परसराम चौहान, पूर्व विधायक बाबुलाल महाजन, पूर्व माशिमं उपाध्यक्ष भागीरथ कुमरावत, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण इंगले, वरिष्ठ नेता दयालू पटवा, नगर मंडल अध्यक्ष रणजीतसिंह रघुवंशी आदि ने भारत माता, डॉ. श्यामाप्रसादजी व पं. दीनदयालजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने दीनदयालजी के व्यक्तित्व, कृतित्व व एकात्म मानव दर्शन पर सारगर्भित विचार रखे। पूर्व माशिमं उपाध्यक्ष भागीरथ कुमरावत ने कहा दीनदयालजी ने एकात्म मानव दर्शन के रूप में सृष्टि से परमेष्टि तक के कल्याण का मार्ग दिखाया। वरिष्ठ नेता दयालू पटवा ने कहा हमारे नेताओं का जीवन त्याग और बलिदान का रहा है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य परसराम चौहान ने कहा महान आत्माओं ने संघर्ष कर जनसंघ व भाजपा को खडा किया। हमारी सरकारें दीनदयालजी के अंत्योदय के सपने को साकार कर रही हैं। पूर्व जिलाध्यक्ष बाबुलाल महाजन ने दीनदयाल जी ने एकात्म मानव दर्शन के रूप में एक चिरंजीवी विचार दिया है जो सदियों तक सभी का कल्याण करता रहेगा। इसी विचार का परिणाम है कि आज हम हाल ही में भूकंप से बुरी तरह प्रभावित तुर्की देश की सहायता कर रहे हैं। जबकि तुर्की ने हमेशा भारत विरोधी कार्य किए हैं। जिला मीडिया प्रभारी प्रकाश भावसार ने कहा हमें दीनदयालजी जैसे समर्पित कार्यकर्ता के रूप में संगठन व राष्ट्र की सेवा करना चाहिए। नपाध्यक्ष छाया जोशी ने कहा पूर्वजों के त्याग और तप का परिणाम है कि आज हम संगठन रूपी विशाल वटवृक्ष की छत्रछाया में कार्यरत है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष बापूसिंह परिहार, पूर्व नपा उपाध्यक्ष कन्हैया कोठाने, युवा मोर्चा नगर महामंत्री जयंत पंडया ने भी संबोधित किया। संचालन जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण इंगले ने किया व आभार मंडल अध्यक्ष रणजीतसिंह रघुवंशी ने माना। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने दीनदयालजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। दीनदयालजी की पुण्यतिथि जिले के 22 मंडलों में बूथ स्तर पर मनाई गई।

### भाजपा आईटी विभाग के मंडल संयोजक मनोनीत

खरगोन। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा व आईटी विभाग प्रदेश संयोजक अमन शुक्ला के निर्देशानुसार तथा खरगोन भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह राठौर की सहमति से आईटी विभाग के खरगोन जिला संयोजक कुलदीप जायसवाल ने आईटी विभाग के मंडल संयोजकों की घोषणा की है।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी प्रकाश भावसार ने बताया आईटी विभाग में सुनील वर्मा खरगोन नगर मंडल, निर्मल पाटीदार खरगोन ग्रामीण, रोहित धनगर गोगावां, राहुल राठौड कसरावद पूर्वी, जितेंद्र पटेल कसरावद पश्चिम, प्रितेश सोनी अंदड, निलेश सोलंकी महेश्वर, मनीष वैष्णव मंडलेश्वर, दुर्गेश जाट करही, महेंद्र गुर्जर बलवाडा, सुजल आदिवाल बडवाह नगर, धनीराम मेघवाल बडवाह ग्रामीण, अभिषेक राठौड सनावद नगर, ओम पटेल सनावद ग्रामीण, भैयालाल जगाती बैडिया, अश्विन गंगरडे भीकनगांव, पुष्कर राठौर, झिरन्या, अजमल नायक चिरिया, जितेंद्र बडोले भगवानपुरा, राजेश पंवार बिस्टान, मनीष नागराज सेगांव व गोपाल राठौड बरूड मंडल के मंडल संयोजक मनोनीत किए गए। उक्त मनोनयन पर भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने हर्ष जताया है।

## नगर में अनेक दुकानदारों को सम्मानित किया गया



बडवाह--नगर परिषद की ओर से साफ.सफाई रखने वाले दुकानदारों को प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया जा रहा है।शनिवार को नगर में अनेक दुकानदारों को सम्मानित किया गया है।स्वच्छ भारत मिशन 2023 में नगर परिषद ब?वाह को सर्वेक्षण में अब्बल लाने के लिए तरह तरह के जतन कर रही है।नगर के दुकानदारों से सौजन्य भेंट अभियान के तहत प्रत्येक दुकान मालिकों से मिले। जिनके यहां स्वच्छ्ता मिली उन्हें प्रशस्ति पत्र भेट कर सम्मानित किया।इस अवसर पर मुख्य नपा अध्यक्ष राकेश गुप्ता नगर पालिका अधिकारी कुशल डुडवे ने आगामी कार्य योजना पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि नगर वासियों का स्वच्छता के प्रति कितना जुडाव है।यह हम प्रत्यक्ष रूप से प्रत्येक व्यवसायी से सौजन्य भेंट कर स्वच्छता बनाए रखने का निवेदन कर रहे हैं।जिनके यहां सफाई व्यवस्था डस्टबिन का उपयोग हो रहा है उन्हें हमारे द्वारा सम्मानित कर प्रोत्साहित कर रहे हैं। ठीक उसके विपरीत जिनके यहां गंदगी या सफाई का अभाव है उनसे स्पॉट फाइन लगाया जा रहा है।नगर के लोगों में स्वच्छता के प्रति लगाव देखने को मिल रहा है।स्वच्छता को लेकर जनता का जुडाव और बेहतर प्रतिक्रिया ही बड़वाह शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में अव्वल बनाएगी।इस दौरान पार्षद रूपसिंह रावत साबिर खान सहित समस्त जनसेवक उपस्थिति रहे।

## 7 दिनों में 6 विधानसभाओं में हुए 258 कार्य लोकार्पित और 193 भूमिपूजन के काय





खरगोन 12 फरवरी 23/मप्र शासन द्वारा सभी जिलों में निकाली जा रही विकास यात्रा खरगोन जिले में रविवार को बडवाह विधानसभा को छोडकर अन्य विधानसभाओं में वीरा। रही। बडवाह विधानसभा में रविवार को कडवालिया, बागफल, नांदिया, अगरवाडा, बफलगांव, जयमलपुरा, बावडीखेडा और सिरलाय में रही। ब?वाह विधायक श्री सचिन बिरला ने नांदिया में प्राथमिक शाला भवन की 9 लाख 25 हजार रुपये की लागत से बनने वाली बॉउंड्रीवाल का भूमिपूजन किया।





6 विधानसभओं में 258 लोकार्पण और 193 भूमिपूजन के हुए कार्य

जिले की 6 विधानसभा क्षेत्रों में 5 फरवरी से 11 फरवरी रविवार तक विकास यात्राओं के दौरान कुल 20 करोड 57 लाख रूपये से 258 लोकार्पण और 22 करोड 84 लाख रूपये से 193 भूमिपूजन के कार्य किए गए है। 11 फरवरी रविवार को जिले की 6 विधानसभा क्षेत्रों में विकास यात्रा के दौरान 1 करो? 60 लाख रूपये की लागत से 32 लोकार्पण और 1 करोड 23 लाख रूपये से 10 भूमिपूजन के कार्य हुए हैं। इनमें सबसे अधिक भगवानपुरा विधानसभा क्षेत्र में 69 लाख रूपे से 10 लोकार्पण और 55 लाख रूपये से 5 भूमिपूजन के कार्य हुए हैं। इसी प्रकार कसरावद विधानसभा क्षेत्र में 60 लाख रूपये से 8 लोकार्पण के कार्य हुए हैं। महेश्वर विधानसभा क्षेत्र में 13 लाख रूपये से 6 लोकार्पण और 48 लाख रूपये से 2 भूमिपूजन के कार्य हुए हैं। खरगोन विधानसभा क्षेत्र में 13 लाख से 5 लोकार्पण और 11 लाख रूपये से 2 भूमिपूजन के कार्य हुए हैं। भीकनगांव विधानसभा क्षेत्र में 5 लाख रूपये से 3 लोकार्पण तथा बडवाह विधानसभा क्षेत्र में 9 लाख रूपये से एक भूमिपूजन का कार्य किया गया। वही इन छः विधानसभा क्षेत्रों में रविवार को विकास यात्रा के दौरान कुल 824 आवेदन प्राप्त किए गए थे जिनमें से 205 आवेदनों को स्वीकृत किया गया था।

10 फरवरी को हुए थे 59 लोकार्पण और 20 भूमिपूजन के कार्य

10 फरवरी को जिले की 6 विधानसभाओं क्षेत्रों में 1 करो? 96 लाख रूपये की लागत से 59 लोकार्पण एवं 6 करो? 64 लाख रूपये से 20 भूमिपूजन के कार्य किए गए थे। इनमें भगवानपुरा विधानसभा क्षेत्र में 1 करोड 16 लाख रूपये से 9 लोकार्पण और 2 करो? 34 लाख रूपये से 10 भूमिपूजन के कार्य हुए थे। इसी प्रकार भीकनगांव विधानसभा क्षेत्र में 40 लाख रूपये से 38 लोकार्पण के कार्य हुए। वहीं कसरावद विधानसभा क्षेत्र में 27 लाख रूपये से 4 लोकार्पण और 55 लाख रूपये से 4 भूमिपूजन के कार्य हुए है। खरगोन विधानसभा क्षेत्र में 7 लाख रूपये से 5 लोकार्पण हुए थे। महेश्वर विधानसभा क्षेत्र में 6 लाख रूपये से 3 लोकार्पण और 26 लाख रूपये से 2 भूमिपूजन तथा बडवाह विधानसभ क्षेत्र में 3 करोड 49 लाख रूपये से 4 भूमिपूजन के कार्य हुए हैं। इन विधानसभाओं में 10 फरवरी को कुल 641 आवेदन प्राप्त किए गए थे जिसमें से 205 आवेदनों को स्वीकृत किया गया था।